मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-215
26/04/2020

सारण, जमुई और भोजपुर में वज्रपात के कारण 12 लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की, मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने का दिया निर्देश

पटना, 26 अप्रैल 2020 :– वज्रपात से सारण में 09, जमुई में 02 एवं भोजपुर में 01 व्यक्ति की मृत्यु पर मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने तत्काल मृतकों के आश्रितों को चार–चार लाख रूपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं साथ ही उन्होंने वज्रपात से झुलसे हुये लोगों के समुचित इलाज के भी निर्देश दिये हैं एवं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार हुये वज्रपात की तीव्रता काफी अधिक थी। लॉकडाउन की वजह से लोग घरों में थे इस कारण ऐसी तीव्रता वाले वज्रपात से संभवतः क्षति कम हुयी है। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। मुख्यमंत्री ने अपील करते हुये कहा कि लोग धैर्य रखें, सचेत रहें, सतर्क रहें, तभी स्वस्थ रहेंगे। लोग लॉकडाउन के नियमों का पालन करते हुये घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

******